दिनांकः 13.10.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- राज्य सरकार ने कर्मचारियों को दीपावली पर बोनस की मंजूरी दी–पशुपालकों के लम्बित दावों का भी एक सप्ताह में होगा भुगतान।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भरतपुर में ली संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक–लोकसेवकों को बजट घोषणाएं समय पर पूरा करने के दिए निर्देश।
- विजयदशमी पर देर रात तक हुए रावण दहन के आयोजन।
- प्रदेश में दिन–रात के तापमान में बढ़ा अंतर–सुबह शाम गुलाबी ठंड का अहसास।

...................

राज्य सरकार के कर्मचारियों को दीपावली पर बोनस दिये जाने का मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अनुमोदन कर दिया है। इस फैसले से लगभग 6 लाख कर्मचारी लाभान्वित होंगे। अधिकारियों को छोड़कर, पे लेवल एल 12 या 4800 रुपये ग्रेड पे से कम वेतन वाले सभी कर्मचारियों को अधिकतम छह हजार 774 रुपये का बोनस मिलेगा। तदर्थ बोनस 30 दिन की अवधि के लिए देय होगा। इस राशि में से 75 प्रतिशत राशि नकद तथा 25 प्रतिशत राशि कर्मचारी के सामान्य प्रावधायी निधि खाते में जमा की जाएगी। इससे राज्य सरकार पर करीब पांच सौ करोड़ रुपये का अतिरिक्त भार पड़ेगा। तदर्थ बोनस का लाभ पंचायत समिति और जिला परिषद कर्मचारियों को भी मिलेगा।

...................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश के पशुपालकों के दुग्ध उत्पादन से संबंधित सभी लम्बित दावों के एक सप्ताह में भुगतान की घोषणा की है। कल भरतपुर प्रवास के दौरान समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने डेयरी से जुड़े पशुपालकों को दुग्ध उत्पादन पर दिये जाने वाले 5 रुपये प्रति लीटर के लंबित भुगतान के लिए 65 करोड़ रुपये जारी किए हैं। श्री शर्मा ने उनकी सरकार द्वारा पशुपालकों और किसान हित में लिए गए निर्णयों का उल्लेख करते हुए कहा कि राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के साथ ही वंचित वर्गों के कल्याण और आधारभूत संरचना के लंबित विषयों को प्राथमिकता के साथ हल किया जा रहा है।

...................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि जनसेवा की भावना को सर्वोपरि रखते हुए लोकसेवकों को कर्तव्यों का पूरी निष्ठा और लगन से पालन करना चाहिए। भरतपुर में संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से राज्य की बजट घोषणाओं को प्राथमिकता के साथ समय पर धरातल पर उतारने और इनके लिए आवश्यक भूमि आवंटन और टेंडर प्रक्रिया को जल्द पूरी करने के निर्देश दिये। उन्होंने राज्य में सूचना तंत्र को और अधिक मजबूत करने तथा अपराधों को पूरी तरह समाप्त करने पर भी जोर दिया। मुख्यमंत्री ने एक जिला–एक उत्पाद योजना के तहत अधिकारियों को स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। श्री शर्मा ने रबी सीजन के दौरान उर्वरकों की पर्याप्त आपूर्ति करने और कृषि कनेक्शनों के लम्बित आवेदनों के जल्द निस्तारण करने को कहा।

...................

वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने राज्य सरकारों और जिला प्रशासनों को फसल कटाई के दौरान पराली जलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने निर्देश दिए हैं। आयोग ने खेतों की गतिविधियों की लगातार निगरानी करने के लिए पंजाब और हरियाणा में 26 केंद्रीय दल तैनात किए हैं। वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने कहा कि पराली जलाने की घटना एक गंभीर चिंता का विषय है। इसका असर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की वायु गुणवत्ता पर पडता है। मंत्रालय ने कहा कि राजस्थान के अलावा पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश तथा दिल्ली सरकार सहित सभी संबंधित हितधारकों के साथ विचार विमर्श किया जा रहा है।

...................

प्रधानमंत्री इन्टर्नशिप योजना का ऑनलाइन पंजीकरण शुरू हो गया है। ऑनलाइन पोर्टल पी एम इन्टर्नशिप डॉट एम सी ए डॉट जी ओ वी डॉट इन पर ये पंजीकरण 25 अक्टूबर तक जारी रहेगा।योजना के अन्तर्गत 193 कंपनियों ने लगभग 91 हजार इन्टइर्नशिप के अवसर प्रदान किये हैं। सरकार का लक्ष्य् इस वित्त वर्ष में सवा लाख इन्टपर्नशिप अवसर प्रदान करना है।

...................

प्रदेशभर में कल विजयदशमी पर रावण दहन के आयोजन सम्पन्न हुए। कार्यक्रमों में भारी भीड़ देखी गई। भव्य आतिशबाजी के साथ देर रात तक पुतलों का दहन किया गया। कई स्थानों पर पारम्परिक रूप से मेले भी लगाए गए। कोटा के प्रसिद्ध दशहरा मेले में गाजे–बाजे के साथ रावण दहन किया गया। हमारे संवाददाता ने बताया कि इस दौरान राजसी वैभव और ठाट–बाट के साथ भगवान लक्ष्मीनारायण की सवारी निकाली गई।
भीलवाडा के गुलाबपुरा में आयोजित दशहरे मेले में टीवी कलाकारों ने लोगों को रोमांचित किया। बारां में इस मौके पर अखाड़े निकाले गए। इनमें हैरत अंगेज़ करतबों का प्रदर्शन हुआ। अजमेर में दशहरे के साथ ही दुर्गा मूर्ति विसर्जन को लेकर बंगाली समुदाय में खासा उत्साह दिखाई दिया। वहां परम्परागत रूप से सिंदूर दान की रस्म निभाई गई। राजधानी जयपुर में भी विभिन्न स्थानों पर रावण दहन के आयोजन हुए। विद्याधर नगर में सबसे ऊंचा 121 फीट का रावण जलाया गया। आदर्श नगर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शिरकत कर लोगों को उत्साह बढ़ाया। इस अवसर पर उन्होंने अपने संबोधन में प्रदेशवासियों को सुखमय, समृद्ध और कल्याणकारी जीवन की प्रार्थना की।

...................

राजस्थान उच्च न्यायालय की जोधपुर मुख्य पीठ और जयपुर बेंच सहित प्रदेश की सभी अधीनस्थ अदालतों में कल अवकाश घोषित किया गया है। राजस्थान हाईकोर्ट के न्यायाधीश राजेंद्र प्रकाश सोनी के निधन के कारण ये फैसला लिया गया है। इस संबंध में हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार ने आदेश जारी किए हैं।

...................

सरहद जिले जैसलमेर में राज्य पक्षी गोडावण का कुनबा बढ़ने के शुभ संकेत मिल रहे हैं। जिले में इस बार हुई अच्छी बारिश के बाद हरियाली बढ़ने से भोजन की प्रचुर उपलब्धता से जिले के धोलिया और भादरिया ओरण क्षेत्र में इन दिनों गोडावण के नन्हे बच्चे विचरण करते दिखाई दे रहे हैं। ब्यौरा हमारे संवाददाता से –

...................

प्रदेश में अक्टूबर महीने के दो सप्ताह बीतने के साथ ही सुबह शाम गुलाबी ठंड का अहसास होने लगा है। दिन और रात के तापमान में अंतर बढ़ने लगा है। वहीं कुछ स्थानों पर पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से हल्की बारिश भी हो रही है। जालौर, पाली, कोटा और दक्षिणी जिलों में कई स्थानों पर बीते 24 घंटों में बारिश की गतिविधियां दर्ज की गईं। इस बीच, कई शहरों में रात का तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे रिकॉर्ड हुआ। मौसम विभाग के अनुसार आज राजसमंद, चित्तौडगढ, टोंक, अजमेर, करौली, सवाईमाधोपुर और उदयपुर सहित दक्षिणी जिलों में कहीं–कहीं बादल गरजने के साथ हल्की बारिश की संभावना जताई है।

...................

भारत ने बांग्लादेश को टी–20 क्रिकेट श्रृंखला के तीसरे और अंतिम मैच में 133 रन से हराकर श्रृंखला तीन–शून्य से जीत ली है। कल रात हैदराबाद में खेले गए मैच में भारत की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 297 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश की टीम 7 विकेट पर 164 रन ही बना सकी। भारत की ओर से रवि बिश्नोई ने तीन और मयंक यादव ने दो विकेट लिए।
उधर, महिला ट्वेंटी–20 क्रिकेट विश्व कप के ग्रुप–ए में, आज शारजाह में भारत का मुकाबला ऑस्ट्रेलिया से होगा। मैच भारतीय समयानुसार शाम साढे सात बजे से शुरू होगा।

...................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 27 अक्टूबर को आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 115वीं कड़ी होगी। श्रोता, इस महीने की 25 तारीख तक टोल फ्री नम्बर 1 8 0 0 – 1 1 – 7 8 0 0 पर कार्यक्रम के लिए सुझाव भेज सकते हैं। इसके अलावा 1922 पर मिस्ड कॉल देकर एस एम एस पर मिले लिंक से भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। नरेंद्र मोदी एप या माई जीओवी ओपन फोरम के जरिये ऑनलाइन भी सुझाव दिये जा सकते हैं।

...................